Title: Need to raise heights of bridges on National Highway No. 26 at Mehargaon on Dhasan river and at village Berkheri Guru on river Bebas in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल हाइवे-26 आगरा, झांसी, सागर, नागपुर मार्ग एक व्यस्ततम एवं महत्वपूर्ण राजमार्ग है जहां से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वाहन सागर होकर उत्तर दिशा से दक्षिण की ओर तथा दक्षिण से दिल्ली की ओर जाते हैं। सागर नगर के दोनों तरफ दो महत्वपूर्ण पुल इस हाइवे पर पड़ते हैं। एक मेहर गांव के पास धसान नदी पर दूसरा ग्राम बेरखेरी गुरू के पास बेबस नदी पर बना हुआ पुल है। इन दोनों ही पुलों की ऊंचाई कम होने के कारण ये दोनों ही पुल बरसात के दिनों में थोड़ी सी बरसात होने पर डूब जाते हैं। इस कारण इन पुलों के दोनों ओर नेशनल हाइवे-26 पर चलने वाले सैकड़ों वाहनों को रुकने के लिए बाध्य होना पड़ता है। यहां पर ठहरने तथा भोजन की समुचित व्यवस्था न होने से बरसात के दिनों में कई बार यात्रियों को, महिलाओं एवं छोटे-छोटे मासूम बच्चों को वाहनों के ड्राइवरों व कंडक्टरों को अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस कारण इस व्यस्ततम राजमार्ग पर पड़ने वाले दोनों पुलों को ऊंचा किया जाना अति आवश्यक है। अत: मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित को दृटि में रखते हुए इस व्यस्ततम राजमार्ग नेशनल हाइवे-26 पर पड्ने वाले दोनों पुलों को ऊंचा करवाने का सहयोग करें।